शुक्रवार
24 फरवरी, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



शराब कारोबार का विरोध करने पर हुई थी अधेड़ की हत्या, मुख्य आरोपी अरेस्ट

2



## खबरें फटाफट

### 26 को सीएम करेंगे हेल्पलाइन नंबर 1930 का उद्घाटन

**पटना।** 26 फरवरी को सीएम नीतीश कुमार हेल्पलाइन नंबर 1930 सुविधा का उद्घाटन करेंगे। इसके लिए पटना में स्थित आर्थिक अपराध इकाई में एक कॉल सेंटर बनाया गया है। साथ ही हेल्पलाइन 1930 के तहत कार्य करने वाली टीम और सिस्टम पूरी तरह से तैयार है। बिहार पुलिस दिवस के अवसर पर इसकी शुरुआत होगी। 26 फरवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार पुलिस दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे साथ ही नई सुविधा हेल्पलाइन नंबर 1930 का उद्घाटन करेंगे। इस योजना के साथ ही बिहार के 500 थानों में महिला हेल्प डेस्क की भी शुरुआत करेंगे।

### सपा विधायक विजमा यादव को डेढ़ साल की सजा

**लखनऊ।** प्रतापपुर से सपा विधायक विजमा यादव एमपीएमएलए कोर्ट ने डेढ़ साल की सजा सुनाई है। धारा 147, 341, 504, 353, 332 और 7 सीएलए एक्ट के तहत उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। बृहस्पतिवार को न्यायलय ने उन्हें डेढ़ साल की सजा सुनाई। इससे विधायक विजमा यादव की विधायकी जाने से बच गई। विजमा यादव पर आरोप है कि उनके उकसाने पर ही भीड़ ने अनियंत्रित होकर पुलिस टीम पर गोली बम से हमला किया। इसमें पुलिसकर्मियों को गंभीर चोट लगी थी।

### रेप केस में बीजेपी के पूर्व विधायक को 10 साल की सजा

**नागौर।** दुष्कर्म से जुड़े एक मामले में बीजेपी के पूर्व विधायक भंवरलाल राजपुरोहित को 10 साल की सजा सुनाई गई है। बताया गया कि राजस्थान के नागौर जिले के मकराना से विधायक रह चुके 86 वर्षीय भंवर लाल पर 20 साल पहले रेप केस में मामला दर्ज किया गया था। जिसमें लगभग 20 साल बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। साथ ही उन पर एक लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया हैषयह राशि पीड़िता को दी जानी है। 86 साल के हो चुके पूर्व विधायक फैसले के वक्त कोर्ट में मौजूद थे।

---

पीएम नरेंद्र मोदी के पिता का नाम लेकर मजाक उड़ाने के मामले में कार्रवाई, कांग्रेस ने कहा-यह तानाशाही है

# कांग्रेस नेता पवन खेड़ा गिरफ्तार, रिहा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता का नाम अडानी के पिता के साथ जोड़कर उनका मजाक उड़ाये जाने के मामले में कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा को गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया। वह रायपुर में शुक्रवार से शुरू हो रहे कांग्रेस के अधिवेशन में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली में फ्लाइट में बैठे थे। इसी बीच पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। बाद में इंडिगो एयरलाइंस की उस फ्लाइट को भी रद्द कर दिया गया। इस गिरफ्तारी को कांग्रेस ने तानाशाही बताते हुए तुरंत सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस की ओर से पवन खेड़ा के लिए मनु सिंघवी ने पैरवी की। कोर्ट ने इस मामले पर तुरंत सुनवाई की और 3:30 बजे फैसला सुनाते हुए खेड़ा को अंतरिम जमानत पर रिहा कर दिया। दिल्ली पुलिस ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को दिल्ली हवाई अड्डे पर विमान में सवार होने से रोक दिया गया क्योंकि असम पुलिस ने उन्हें रोकने का अनुरोध किया था।



### कांग्रेस नेता ने कहा-यह कैसी मनमानी

इस बारे में कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने ट्विटर पर लिखा, हम सब रायपुर जाने के लिए इंडिगो फ्लाइट 6ए 204 पर सवार थे और अचानक मेरे सहयोगी पवन खेड़ा को विमान से उतरने को कहा गया। यह कैसी मनमानी है? क्या कोई कानून का राज है? यह किस आधार पर और किसके आदेश पर किया जा रहा है? जिस वक्त पवन खेड़ा को फ्लाइट से उतारा गया, उस दौरान उनके साथ रणदीप सुरजेवाला, केसी वेणुगोपाल के अलावा कई कांग्रेस नेता मौजूद थे।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर धरने पर बैठे कांग्रेसी

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार हमारे राष्ट्रीय महाअधिवेशन को बाधित करना चाहती है। हम डरने वाले नहीं हैं, देशवासियों के लिए संघर्ष करते रहेंगे। इस घटना के खिलाफ कांग्रेस के कई नेता एयरपोर्ट पर ही धरने पर बैठ गए। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जब तक पवन खेड़ा समेत सभी नेताओं को फ्लाइट से रायपुर लेकर नहीं ले जाया जाता है, तब तक वे धरने पर ही बैठे रहेंगे। इस दौरान एयरपोर्ट पर गहमागहमी का माहौल रहा।

### पवन खेड़ा पर कई शहरों में एफआईआर

अडानी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस, पीएम मोदी और केंद्र सरकार पर हमलावर है। लगातार पीएम मोदी और केंद्र सरकार पर हमला बोला जा रहा है। इस बीच कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पीएम मोदी के पिता का गलत नाम लिया और जब उन्हें सही नाम बताया गया तो इस पर भी उन्होंने चुटकी लेते हुए उनका मजाक उड़ाया। इस मामले में देश के कई शहरों में पवन खेड़ा के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुआ।
**क्या बोले अमित शाह?:** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी जब से कांग्रेस के नेता बने, तब से कांग्रेस नेताओं का स्तर नीचे जा रहा। जिस पीएम ने देश के 80 करोड़ लोगों की ज़िंदगी में खुशी लाए हैं, देश की सुरक्षा दृढ़ की, उनके लिए जिस भाषा का प्रयोग हो रहा, मैं उसकी घोर निंदा करता हूं। खेड़ा ने जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग किया है, वह बात कांग्रेस के प्रवक्ता की नहीं बल्कि वह कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के स्वभाव के अनुकूल है और उनके द्वारा देश की जनता के सामने की जा रही है।

---

# सुल्तानगंज नप के उपसभापति के पति को मारी गोली, गंभीर



**केटी न्यूज/भागलपुर**

भागलपुर के सुल्तानगंज में अपराधियों ने सुल्तानगंज नगर परिषद के उपसभापति के पति रामधनी यादव को गोली मार दी। जिससे रामधनी यादव गम्भीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा कि चुनाव को लेकर उन्हें गोली मारी गई। डॉक्टरों की मानें तो वह अभी खतरे से बाहर बताए जा रहे। वहीं, पुलिस द्वारा एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही। उपसभापति नीलम देवी ने बताया कि बाइक पर दो अपराधी घर के बाहर पहुंचे और भागलपुर जाने का रास्ता पूछा। जब तक रामधनी यादव रास्ता बताते तब तक एक अपराधी ने गोली मार दी गई और फिर फरार हो गए। वहीं, एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**आपसी रंजिश में चलाई गोली:** वहीं, एसएसपी आनन्द कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया से ऐसा लग रहा कि आपसी रंजिश को लेकर गोली मारी गई। इसमें एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं दूसरे अपराधी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। डीएसपी कुमार गौरव के नेतृत्व में एसआइटी की टीम का गठन किया गया है। इसमें शामिल अन्य लोगों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**रात में जमीन कारोबारी को मारी गई थी गोली:** बुधवार की रात मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र के मौलानांचक चक में जमीन कारोबारी को गोली मारकर घायल कर दी गई थी। जिसे गम्भीर अवस्था में मायागंज लाया गया था। जिसे पटना रेफर कर दिया गया था।

---

# बिहार के मंत्री बोले... हिजड़ों की फौज बन जाएंगे अग्निवीर

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार में नीतीश सरकार में मंत्री सुरेंद्र प्रसाद यादव ने सेना को लेकर विवादित बयान दिया है। मंत्री और आरजेडी के सीनियर नेता सुरेंद्र प्रसाद यादव ने अग्निवीरों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है। मंत्री यादव ने अग्निवीरों को हिजड़ों की फौज (हिजड़ों की सेना) बताया है। आरजेडी नेता के इस विवादित बयान पर जडीयू ने बिहार के मंत्री की इस विवादित बयान की निंदा की है। मंत्री ने विवादित बयान देते हुए कहा, ठीक 8 से साढ़े आठ साल के बाद देश का नाम आ जाएगा हिजड़ों की फौज में। ये मैं बोलता हूं। साढ़े आठ साल के बाद देश में जितनी पुरानी-पुरानी सेना है। वो सब रिटायर कर जाएगी। ये जो साढ़े चार साल के अग्निपथ के अग्नीवीर वाले लोग इनकी तो ट्रेनिंग ही पूरी नहीं होगी। जब शादी के लिए पूछा जाएगा कि क्या करते हो तब ये कहेंगे कि रिटायर फौजी हैं, तब इन्हें अपनी बेटी कौन देगा? साढ़े 4 वर्ष के बाद अग्नीवीरों का क्या होगा?

मंत्री ने कहा, रिटायर्ड फौजी के नाम पर उनकी शादी नहीं होगी। हमारी सेना अभी इतनी मजबूत है कि पूरी दुनिया इससे लड़ने के लिए तैयार नहीं है। साढ़े चार साल के लिए अग्निवीरों को नौकरी देंगे तो कौनसी सेना बनेगी। मंत्री सुरेंद्र यादव ने अग्निपथ योजना को गलत बताया और कहा कि जो भी इस प्रस्ताव को लेकर आया उसे फांसी पर चढ़ा देना चाहिए।

बीजेपी ने मंत्री के विवादित बोल पर आपत्ति जताई है। बिहार बीजेपी के प्रवक्ता निखिल आनंद ने कहा कि मंत्री सुरेंद्र यादव पर देशद्रोह का मुकदमा करके उन्हें तुरंत गिरफ्तार करना चाहिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उन्हें तुरंत मंत्रिमंडल से बर्खास्त करें। नहीं तो यह माना जाएगा कि उनकी भी इस बयान पर मौन सहमति है।

---

# बिहार के भ्रष्ट अधिकारियों पर जारी रहेगी कार्रवाई : एडीजी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के भ्रष्ट अधिकारियों पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही जिन भ्रष्ट अफसरों के खिलाफ निगरानी-ईओयू की कार्रवाई हुई है, उनको सजा दिलाने को लेकर भी काम तेज होगा। आर्थिक अपराध इकाई के साथ-साथ विशेष निगरानी इकाई के एडीजी नैयर हसनैन खान ने कहा है कि हमारी कार्रवाई जारी है। बालू के अवैध खनन में अभी भी जांच जारी है। इस धंधे में शामिल कुछ और सरकारी सेवकों के खिलाफ सबूत इकट्ठा किये जा रहे हैं।

पटना पुलिस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर ईओयू के एडीजी ने कहा कि हमारी एजेंसी लगातार काम कर रही है। कहीं कोई शिथिलिता नहीं है। भ्रष्टों के खिलाफ छापेमारी करना कोई ड्यूटी बाउंड नहीं है। अगर हम अपनी जांच में किसी अफसर के अवैध तरीके से अर्जित संपत्ति को शो कर सकते हैं तो वह पर्याप्त है। हाल के दिनों में हमलोगों ने भ्रष्ट सरकारी सेवकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की है। जो अधिकारी इस तरह के काम में लगे हैं वे चौकन्ने हो गए हैं।

### बालू से जुड़े मामलों में अभी चल रही जांच

उन्होंने बताया कि इस तरह के केस में समय लगता है। विशेष निगरानी इकाई ने पिछले साल 2 केस में चार्जशीट किया है। वहीं अन्य 1-2 केस में अभियोजन स्वीकृति को लेकर भेजा जा रहा है। आर्थिक अपराध इकाई ने हाल के दिनों में 2 तरह की कार्रवाई की थी। एक तो बालू वाला केस है। इस मामले में कई सरकारी सेवकों पर कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई चल रही है। बहुत से मामले अभी भी जांच में हैं। उसमें थोड़ा समय लगता है, सबूत इकट्ठा करने में समय लगता है। हमारी एजेंसी पूरी पार्दर्शिता के साथ काम कर रही है। जो भी होगा पूर्ण न्याय संगत होगा। एडीजी नैयर हसनैन खान ने स्वीकार किया कि भ्रष्टाचार के केस में सजा काफी कम मिल रही है। इसको लेकर हमलोगों को और काम करना होगा। यह चिंता का विषय है। बता दें, 2021 में बालू के अवैध खनन में लिप्त अधिकारियों पर ईओयू ने कार्रवाई शुरू की थी।

---

# नीतीश कुमार की दुर्गति होनी तय है : गिरिराज

**केटी न्यूज/पटना**

नीतीश कुमार की दुर्गति होनी तय है। बेहतर होगा कि वे वे राजपाट छोड़ दें। भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने यह बात कही है। महागठबंधन में चल रही सियासी बयानबाजी के बीच गिरिराज ने कहा कि नीतीश कुमार को जल्द ही राजपाट छोड़ देना चाहिए। क्योंकि इनकी राजनीतिक विश्वसनीयता नहीं बची है।

गिरिराज ने कहा कि आज जदयू में जो चल रहा है कि 2025 के बाद विधायक तय करेगा और अब लालू जी भी स्वस्थ हो गए हैं तो नीतीश जी की आत्मा अब कह रही होगी कि बजट के साथ ही उन्हें तीर्थ यात्रा पर निकल जाना चाहिए था। इसके पहले पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा था कि नीतीश कुमार फिर एक बार राजद को धोखा देने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पहले स्वयं तेजस्वी को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया और अब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह से बयान दिलवा रहे हैं कि ऐसा कोई फैसला नहीं हुआ है। 2025 में निर्णय होगा।




---

टिकट की बढ़ी हुई दरें एक मार्च से होंगी लागू , श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए लिया गया निर्णय

# काशी विश्वनाथ मंदिर में महंगा हुआ मंगला आरती कराना

**एजेंसी/वाराणसी**

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में बढ़ते श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए टिकट के दामों में इजाफा करने का फैसला लिया गया है। अब मंगला आरती का टिकट 350 की जगह 500 में मिलेगा। वहीं, सप्त ऋषि आरती, श्रृंगार भोग आरती, मध्यान्ह भोग आरती का टिकट 180 की जगह 300 का हो जाएगा। टिकट की बढ़ी हुई दरें एक मार्च से लागू की जाएंगी. इसके अलावा मंदिर का अपना धार्मिक और सांस्कृतिक कैलेंडर भी होगा और पुजारी अब एक तरह के ड्रेस कोड में दिखेंगे। वाराणसी के मंडल आयुक्त सभागार में आयोजित काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की



104वीं बोर्ड बैठक में यह फैसले लिए गए। वहीं, ट्रस्ट के सदस्यों ने मुद्दा उठाया कि मैदागिन और गोदौलिया पर वाहनों को रोक दिए जाने के कारण दर्शनार्थियों को मंदिर तक पहुंचने में घोर असुविधा का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मंदिर की ओर से पहल करते हुए सुविधा के कार्य कराने की मांग उठी। इस पर ट्रस्ट के सदस्यों सहित सभी अधिकारियों ने इसकी फीजिबिलिटी चेक कराकर नगर निगम या यातायात विभाग का सहयोग लेने की बात कही। बोर्ड मीटिंग में अध्यक्ष प्रो. नागेंद्र पांडेय, मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम व अन्य मौजूद थे।

### धार्मिक-सांकृतिक आयोजन के लिए बनेगा कैलेंडर

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पूरे वर्ष के लिए धार्मिक-सांकृतिक आयोजन के लिए एक कैलेंडर तैयार किया जाएगा। एक आंतरिक समिति का गठन कर ट्रस्ट की डायरी मार्च में छपवाने की तैयारी करने का भी फैसला लिया गया। काशी हिंदू विवि और संपूणानंद संस्कृत विवि में सबसे ज्यादा नंबर लाने वाले छात्र-छात्राओं को 10 हजार रुपए की सालाना स्कॉलरशिप दी जाएगी। सफाईकर्मियों समेत अन्य कार्मिकों का महंगाई भत्ता बढ़ाया जाएगा। कर्मचारियों-अर्चकों की सेवा नियमावली को अंतिम रूप देने के लिए बनाई गई कमेटी को एक माह का समय दिया गया। मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने वर्ष 2023-24 के लिए कुल 105 करोड़ की आय और 40 करोड़ के खर्च का लक्ष्य रखा। मंदिर के अध्यक्ष प्रोफेसर नागेंद्र पांडे ने कहा कि मंदिर की गरिमा और व्यवस्था सुधारने में मंदिर के अधिकारियों के साथ-साथ ट्रस्ट के सदस्यों की भी जिम्मेदारी है।

## खबरें फटाफट

### इंटर के छात्र की ट्रेन से गिरकर मौत

**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर रघुनाथपुर और बनाही स्टेशन के बीच बुधवार की शाम चलती ट्रेन से गिर कर एक इंटर के छात्र की मौत हो गयी। मृत छात्र तीयर थाना क्षेत्र के सिकरिया गांव वार्ड नंबर 2 निवासी सुनील चौबे का 16 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार चौबे उर्फ ओम प्रकाश चौबे था। उसके परिजन रवीश कुमार चौबे ने बताया कि अंकित अपने छोटे भाई विक्की कुमार का मैट्रिक का परीक्षा दिलवाने आरा शहर स्थित अल-हफीज कॉलेज उसके परीक्षा केंद्र पर आया था। परीक्षा खत्म होने के बाद? वह अपने भाई विक्की के साथ पैसेंजर ट्रेन से वापस घर लौट रहा था। उस क्रम में दोनों भाई अलग-अलग बोगी में चढ़ गए थे। उसी बीच बनाही और रघुनाथपुर स्टेशन के बीच यह हादसा हो गया। बताया जाता है कि छात्र अपने तीन भाई और एक बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां शोभा देवी, भाई विक्की कुमार, लाला कुमार और एक बहन बूचन देवी है। घटना के बाद छात्र के घर में हाहाकार मच गया है।

### अज्ञात वाहन ने दो दोस्तों को मारी टक्कर

**आरा।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा स्थित शिव मंदिर के समीप गुरुवार की शाम अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे दो दोस्तों को टक्कर मार दी। उससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा निवासी दीपक कुमार का 14 वर्षीय पुत्र रितेश राज और चंदेश्वर पाल का 14 वर्षीय पुत्र रवि कुमार शामिल है। बताया जा रहा है कि गुरुवार की शाम दोनों नाश्ता करने पैदल बाजार की ओर जा रहे थे। उसी दौरान चंदवा स्थित शिव मंदिर के समीप पीछे से अज्ञात वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी। उससे दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

# पिछले पांच सालों में टीबी के इलाज में उपयोग हुईं दवाओं का तैयार हो रहा डाटा

- केन्द्र द्वारा नामित टीम ने भ्रमण कर गतिविधियों एवं कार्यव्यवस्था की व्यापकता का किया अवलोकन

**केटी न्यूज/बक्सर**

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत वर्ष 2025 तक टीबी रोग का उन्मूलन किया जाना है। इस क्रम में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सब नेशनल सर्टिफिकेट (एसएनसी) के तहत जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के लिए केन्द्र द्वारा नामित टीम ने जिले में भ्रमण कर गतिविधियों एवं कार्यव्यवस्था की व्यापकता का अवलोकन किया। जिसमें मरीजों को मिलने वाली दवाओं, सेवाओं,



सुविधाओं की जानकारी ली गई। अब एसएनसी सर्वे के तहत पिछले पांच सालों में सरकारी और निजी स्वास्थ्य क्षेत्र में खपत हुई टीबी रोधी दवाओं का डाटा तैयार किया जा रहा है। इसके लिए जिले में मान्यता प्राप्त दवा दुकानों और विक्रेताओं से टीबी रोधी दवाओं की जानकारी एकत्रित की जा रही है। इन दवाओं में लुपिन, सैंडोज, मैक्लियड्स आदि दवाएं शामिल हैं। ताकि, विभाग स्तर पर उपलब्ध कराई जा रही दवाओं के साथ साथ टीबी के मरीजों के द्वारा बाहर (निजी दवा दुकानों) से खरीदी जाने वाली दवाओं की जानकारी हो सके। सर्वे में जिला यक्ष्मा केंद्र के साथ सहयोगी संस्थान के प्रतिनिधि भी शामिल हैं।

### ड्रॉपआउट मरीजों को चिह्नित कर होगा फॉलोअप, निक्षय पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन

डब्ल्यूएचओ के राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के कंसल्टेंट डॉ. बिज्येंद्र कुमार सौरभ ने बताया, सर्वे के अलावा जिले के दवा विक्रेताओं के साथ बैठक भी की जाएगी। जिसमें उन्हें टीबी मरीजों को चिह्नित करते हुए उनकी जानकारी जिला यक्ष्मा केंद्र को देनी है। इसके लिए उन्हें एक एच-1 रजिस्टर दिया जायेगा। जिसमें उनको ऐसे मरीजों का नाम, पता और मोबाइल नंबर लिखना है जिनका रजिस्ट्रेशन निक्षय पोर्टल पर नहीं हुआ है। जिसके बाद जिला यक्ष्मा केंद्र के कर्मी एच-1 रजिस्टर के माध्यम से उन मरीजों का फॉलोअप करते हुए उनका रजिस्ट्रेशन निक्षय पोर्टल पर करेंगे और उन्हें सरकारी सुविधा उपलब्ध कराएंगे।

### ड्रॉप आउट मरीजों को एमडीआर टीबी का खतरा अधिक, पेचीदा हो जाता है इलाज

डॉ. बिज्येंद्र कुमार सौरभ ने बताया, विभाग का मुख्य उद्देश्य, ऐसे मरीज किसी भी चिकित्सक से जांच कराकर अपना इलाज करते हैं। ये मरीज इलाज में लापरवाही बरतते हैं। जिन्हें ड्रॉप आउट मरीज भी कहा जाता है। ड्रॉप आउट मरीज अमूमन दवा खाते तो हैं, लेकिन इस बीच लक्षण में कमी होते ही वे दवा छोड़ देते हैं। वहीं, आगे जाकर लक्षण दिखने पर फिर वही दवा लेते हैं। जो बहुत ही गंभीर मामला है। ऐसी स्थिति में मरीज एमडीआर (मल्टी ड्रग रेसिस्टेंस) टीबी के शिकार हो जाते हैं। जिसका इलाज और भी पेचीदा हो जाता है और मरीज को अधिक समय तक टीबी की बीमारी से जूझना पड़ता।

## गजराजगंज हत्याकांड : फरार दो आरोपियों की धरपकड़ को पुलिस कर रही छापेमारी

# शराब कारोबार का विरोध करने पर हुई थी अधेड़ की हत्या, मुख्य आरोपी अरेस्ट

- बहिया थाना अंतर्गत कल्याणपुर गांव निवासी जगनारायण यादव का बेटा बगेदन यादव है मुख्य आरोपी

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के गजराजगंज इलाके में बिहिया थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी अधेड़ समझू तुरहा की हत्या का पुलिस ने आखिरकार खुलासा कर ही दिया। शराब के अवैध कारोबार का विरोध करने पर उनकी हत्या की गयी थी। पुलिस ने इस हत्याकांड के मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि वह बिहिया थाना अंतर्गत कल्याणपुर गांव निवासी जगनारायण यादव का बेटा बगेदन यादव उर्फ धर्मेंद्र यादव है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने शराब के धंधे में व्यवधान उत्पन्न करने और और अड़चन लगाये जाने पर समझू तुरहा की हत्या करने की बात भी स्वीकार कर ली है।

भोजपुर पुलिस कप्तान प्रमोद कुमार ने गुरुवार को एसपी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी को कल्याणपुर गांव निवासी अधेड़ की हत्या की गयी थी। उसके बाद हत्या का खुलासा और आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। छानबीन में जुटी टीम को हत्या में बगेदन यादव सहित तीन लोगों का नाम सामने आया। उसके बाद लोकल इनपुट के आधार पर मुख्य आरोपित बगेदन यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। टीम में गजराजगंज ओपी इंचार्ज चंदन कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।



समझू तुरहा हत्याकांड के बारे में जानकारी देते एसपी प्रमोद कुमार।

**पहले की मारपीट और फिर गला दबा कर की गयी थी हत्या :** एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि घटना की छानबीन में पता चला कि बिहिया थाने के कल्याणपुर गांव निवासी जगनारायण यादव और उनके पुत्र बगेदन यादव उर्फ धर्मेंद्र यादव और प्रिंसिपल यादव द्वारा अवैध शराब का धंधा किया जा रहा था। आरोपितों द्वारा समझू तुरहा पर शराब बेचने का दबाव बनाया जा रहा था। उसका समझू तुरहा विरोध किया जा रहा था। उसे लेकर 11 जनवरी को समझू तुरहा के साथ मारपीट की गयी थी। तब ग्रामीणों द्वारा मामले को शांत करा दिया गया है। शाम में समझू तुरहा खेत की ओर चला गया था। जहां आरोपित पहुंच गए और मारपीट करने के बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। बताते चलें कि समझू तुरहा का शव गत 12 जनवरी की दोपहर गजराजगंज ओपी क्षेत्र के छोटकी सासाराम के पास आरा-बकसर फोरलेन के किनारे से बरामद किया गया था।

### तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से बच्ची की मौत

**आरा।** भोजपुर के बहोरनपुर ओपी क्षेत्र के गौरा गांव स्थित श्याम बाबा बांध के समीप गुरुवार की शाम तेज रफ्तार बाइक सवार ने एक बच्ची को रौंद दिया। उसमें बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों में काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। मृत बच्ची गौरा गांव वार्ड नंबर 8 निवासी अक्षय लाल चौधरी की 8 वषीर्या पुत्री संध्या कुमारी थी। घटना के संबंध में उसकी बहन चंद्रावती कुमारी ने बताया कि उसकी बड़ी बहन संजुतिया देवी अपने मायके गौरा गांव आयी थी। गुरुवार की शाम वह वापस लौट रही थी। उसी को छोड़ने के लिए घर के सभी सदस्य श्याम बाबा बांध के समीप जा रहे थे। उसी दौरान बाइक सवार ने संध्या को जोरदार टक्कर मार दी। इससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गयी।

सूचना मिलने पर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। हादसे के बाद उसके घर में रोना-धोना मचा है। बताया जा रहा है कि बच्ची पांच बहन व दो भाइयों में सबसे छोटी थी। उसके परिवार में मां छठिया देवी, बहन संजुतिया देवी, शनिचरी कुमारी,चंद्रावती कुमारी स्तुनी कुमारी, भाई कंचन कुमार और नीतीश कुमार हैं।

# आरा में जमीन कारोबारी को बदमाशों ने मारी गोली

## गोली मारने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं

- रेलवे स्टेशन रोड में एसपी कोठी मोड़ के समीप बुधवार की देर रात की घटना
- जमीन कारोबारी की कार के बोनट पर पीटा, विरोध करने पर मारी गोली
- दो नामजद और तीन-चार अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज, धरपकड़ तेज

**केटी न्यूज/आरा**

नवादा थाना क्षेत्र में स्टेशन रोड स्थित एसपी कोठी मोड़ के समीप बुधवार की देर रात कार सवार बदमाशों ने एक जमीन कारोबारी को गोली मार दी। गोली कारोबारी के जांघ में लगी है, जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनका इलाज बाबू बाजार स्थित प्राइवेट अस्पताल में कराया जा रहा है।

बदमाशों द्वारा पहले जमीन कारोबारी की कार के बोनट को पीटा गया। बाद में ताबड़तोड़ दो गोलियां चला दी गयीं। जख्मी जमीन कारोबारी नवादा थाने के पकड़ी गैस एजेंसी रोड निवासी विश्वजीत राय उर्फ श्यामबाबू राय के पुत्र अनिकेत कुमार उर्फ जानू है। उनके पिता भी जमीन खरीद बिक्री का कारोबार करते हैं। हालांकि गोली मारने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना को लेकर जमीन कारोबारी की तहरीर पर नवादा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें पकड़ी और कतीरा के दो युवकों को नामजद किया गया है। तीन-चार अज्ञात को भी आरोपित किया गया है।

प्राथमिक में जमीन कारोबारी की ओर से कहा गया है कि वह बुधवार की रात करीब साढ़े 11बजे वह अपनी कार से आनंदनगर से चंदवा में बारात में जा रहे थे। इस बीच स्टेशन रोड से एसपी कोठी जाने वाले रोड की मोड़ पर लिफाफा लेने के लिए रूके थे। तभी उजले रंग की दूसरी कार पर सवार आरोपित उनकी तरफ आने लगे। उस पर उन्होंने हॉर्न दिया, तो आरोपित उनकी कार का बोनट पीटने लगे। विरोध किया तो ताबड़तोड़ दो राउंड गोलियां चला दी। उसमें एक गोली उनकी जांघ में लग गयी। उसक बाद सभी आरोपित भाग निकले। तब उन्होंने परिजनों को सूचना दी। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इधर, पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। आरा में हाल के समय में वारदात बढ़ गई हैं।

## आरा स्टेशन पर ट्रेन से गिरकर एक सिक्योरिटी गार्ड की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर गुरुवार की सुबह पूर्वा एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक आयर थाना क्षेत्र के बलिगांव गांव वार्ड नंबर 5 निवासी स्व. शीतल साह के 52 वर्षीय पुत्र पारस साह है। वापी से सिक्योरिटी गार्ड थे और वर्तमान में दिल्ली के आजाद नगर में रहकर सिक्योरिटी गार्ड का काम करते थे। इधर, मृतक के बेटे जयप्रकाश ने बताया कि उसकी मौसी की लड़की की शादी थी। 24 फरवरी को तिलक और 28 को बारात है। उसी शादी में शामिल होने के लिए वह पूर्वा एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली से आरा लौट रहे थे। इसके बाद जयप्रकाश और उसका छोटा भाई अमित कुमार दोनों आरा रेलवे स्टेशन अपने पिता को लेने आए थे। जैसे ही पूर्वा एक्सप्रेस ट्रेन आरा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर लगी और उसके पिता समान उतार रहे थे। उसी दौरान वह ट्रेन के नीचे चले गए और बुरी तरह घायल हो गया। इसके बाद इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

## पुलिस-पब्लिक मैत्री मैच में पब्लिक एकादश की जीत

**केटी न्यूज/आरा**

संपर्क से समर्पण की भावना क साथ भोजपुर पुलिस क्रिकेट मैच के जरिए आमजनों के दिल तक पहुंचने की कोशिश में है। इसके तहत गुरुवार को चरपोखरी में पुलिस-पब्लिक मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। बेहद रोमांचक मुकाबले में पब्लिक टीम ने पुलिस की टीम को सात विकेट से हरा दिया।

16-16 ओवर के मैच में पुलिस की टीम ने नौ विकेट पर 179 रन बनाए। जवाब में पब्लिक की टीम ने तीन विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। टॉस जीतकर पुलिस टीम के कप्तान चरपोखरी थाने के दारोगा हरि प्रसाद शर्मा ने बल्लेबाजी का



फैसला लिया। पुलिस टीम के ओपनर डीआईयू इंचार्ज शंभू भगत और दारोगा संजीव कुमार ने अच्छी शुरूआत दी। इंस्पेक्टर शंभू भगत ने बीस रन की बेहतरीन पारी खेली। पुलिस टीम की ओर से नवादा थाने के दौरान चंदन कुमार ने भी 40 रन का योगदान दिया। वहीं पब्लिक टीम की ओर से लल्लू कुमार ने 87 जबकि सोनू कुमार ने 67 रनों की शानदार पारी खेली। हैट्रिक सहित सात विकेट चटकाने वाले पब्लिक टीम के प्रशांत कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। पब्लिक टीम के कप्तान चिंटू बाबा थे। दोनों टीम को शील्ड प्रदान किया गया। उससे पहले अगिआंव विधायक मनोज मंजिल, एसपी प्रमोद कुमार, एसडीपीओ राहुल सिंह और चरपोखरी प्रखंड प्रमुख रामचंद्र सिंह द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उसके बाद एसपी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बैटिंग भी की।

इस मौके पर बीडीओ, सीओ, चरपोखरी थानाध्यक्ष निकुंज भूषण, दारोगा राजाराम प्रसाद, चौरी थानाध्यक्ष कुमार रजनीकांत, गड़हनी थानाध्यक्ष राजीव रंजन जदयू नेता बैजनाथ सिंह और पूर्व मुखिया रविन्द्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे। उदघोषक की भूमिका मनोज कुमार ने निभाई।

## एक नजर

### गरीबों व किसानों को 150 यूनिट बिजली मुफ्त दे बिहार सरकार: लोजपा जिलाध्यक्ष

**जहानाबाद।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के तत्वावधान में गुरुवार को पार्टी के निर्देश पर जिला मुख्यालय में धरना दिया गया। इस दौरान पांच सूत्री मांगों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा गया। धरना देते हुए लोजपा जिलाध्यक्ष हेमंत शरण कुंदन ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा बिजली बिल के नाम पर गरीब जनता को लूटने का जो खेल खेला जा रहा है, उसे सरकार को बंद करना होगा। इस मुद्दे को लेकर फिलहाल शांतिपूर्वक धरना दिया जा रहा है। यदि सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करती है तो कल सड़क पर उतर कर आंदोलन किया जाएगा। बिहार सरकार गरीबों और किसानों को 150 यूनिट बिजली मुफ्त देने और 30 प्रतिशत बिजली बिल कम करने का कार्य करें। वहीं, फर्जी मीटर लगाकर जो चार्ज लिया जा रहा है, सरकार उसे भी बंद करने का काम करे। इस मौके पर जिले के धारना प्रभारी प्रदेश महासचिव राजेश दांगी, राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष इंदु कश्यप, प्रदेश उपाध्यक्ष रानी चौधरी एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव शंभू पहाड़िया तथा पार्टी के सभी पदाधिकारियों उपस्थित रहे।



### तमिलनाडु के डीजीपी के सौजन्य से बच्चों के बीच स्कूल बैग का किया गया वितरण

**जहानाबाद।** जिले के मोदनगंज स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय वैना में गुरुवार को तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक डॉ. करुणा सागर के सौजन्य से बच्चों के बीच स्कूल बैग का वितरण किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक राकेश कुमार की पहल पर विद्यालय में अध्ययनरत 330 छात्र-छात्राओं के लिए डॉ. करुणा सागर द्वारा स्कूल बैग उपलब्ध कराया गया। सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम सागर शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न स्कूल बैग वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के बतौर उपस्थित डॉ शिवनारायण सिंह, पीठासीन पदाधिकारी, जिला शिक्षा अपीलीय प्राधिकार, जहानाबाद के हाथों शिक्षार्थियों के बीच स्कूल बैग का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ शिवनारायण सिंह, पीठासीन पदाधिकारी, जिला शिक्षा अपीलीय प्राधिकार, जहानाबाद ने कहा कि इस विद्यालय के ऐसे बच्चे जो मूलतः ग्रामीण परिवेश से हैं और आर्थिक रूप से कमजोर हैं उन बच्चों को पुलिस महानिदेशक डॉ. करुणा सागर द्वारा स्कूल बैग उपलब्ध कराना सराहनीय कार्य है।



## कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार ने पत्र जारी कर दिए निर्देश, 20 मार्च को मनेगा मॉप अप दिवस

# जिले में 16 मार्च को बच्चों को खिलाई जायेगी कृमि मुक्ति की दवा अल्बेंडाजोल

- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 1-19 वर्ष के बच्चों को दवा खिलाने का निर्देश

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के बच्चों एवं किशोरों को 16 मार्च 2023 को अल्बेंडाजोल की खुराक खिलाई जायेगी। जिले के 1-19 वर्ष के बच्चों को कृमि से बचाने के लिए यह अभियान राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत दवा खिलाई जायेगी। इस बाबत कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार संजय कुमार सिंह ने जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी को पत्र जारी कर आवश्यक निर्देश जारी किये हैं।

जारी पत्र के अनुसार 20 मार्च को अभियान के दौरान छूटे हुए बच्चों एवं किशोरों को मॉप अप दिवस का आयोजन कर उन्हें भी दवा खिलाई जाएगी।



अभियान के दौरान बच्चों एवं किशोरों को तथा उनके अभिभावकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। अभियान के तहत जिले के सरकारी एवं निजी विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय,मदरसा,संस्कृत विद्यालय, सहित सभी तकनीकी (पॉलिटेक्निक आईटीआई) गैर तकनीकी संस्थानों एवं आंगनबाड़ी के माध्यम से 1 से 19 वर्ष के बच्चों को कृमि नाशक हेतु एल्बेंडाजोल की की गोली खिलाई जाएगी।

**राज्य के 14 जिलों में मनाया जायेगा कृमि मुक्ति दिवसः** जारी पत्र में बताया गया है कि राज्य के 14 चयनित जिलों में 1 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जायेगी। ये जिले हैं मधुबनी, अररिया, भोजपुर, बक्सर, दरभंगा, किशनगंज, लखीसराय, मधेपुरा, नालंदा,नवादा, पटना, पूर्णिया, रोहतास तथा समस्तीपुर है।

**माइक्रोप्लान एवं लक्षित बच्चों की संख्या जल्दी होगी तयः** जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि जल्दी ही कृमि मुक्ति दिवस पर दवा खिलाये जाने वाले बच्चों की संख्या निर्धारित कर ली जाएगी. साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए माइक्रोप्लान भी ससमय तैयार कर लिया जायेगा।

### लोगों को किया जायेगा जागरूक

अभियान की सफलता को लेकर सभी सरकारी विद्यालयों एवं ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पोस्टर, बैनर, पंपलेट और माइकिंग आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार कराया जाएगा। जिससे कोई भी बच्चा यह दवाई खाने से छूट ना पाए। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को उम्र के अनुसार खुराक दी जायेगी और इसे लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है। अभियान को लेकर माइक्रोप्लान तैयार किया जाएगा और उसी के हिसाब से बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। इसके साथ ही यह भी प्रयास होगा कि इससे समाज में साकारात्मक संदेश जाए, ताकि बच्चों के साथ-साथ बड़े लोग भी अल्बेंडाजोल की खुराक खाने को प्रेरित हों। कृमि से मुक्ति के लिए इसका सेवन करना जरूरी है।

### दवा के होते हैं मामूली साइड इफेक्ट, घबराने की बात नहीं

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने बताया कि दवा के सेवन के उपरांत कुछ बच्चों में उल्टी या मिचली महसूस होने की शिकायत हो सकती है। हालांकि इससे घबराने की जरूरत नहीं है। पेट में कीड़े होने पर दवा खाने के बाद सिरदर्द, उल्टी, मिचली, थकान होना या चक्कर आना महसूस होना एक सामान्य प्रक्रिया है जो थोड़ी देर में ठीक हो जाती है। इससे बच्चों पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता।

## खबरें फटाफट

### शरारती तत्वों ने राजधानी एक्सप्रेस पर किया पथराव

**डुमरांव।** दानापुर-बक्सर रेलखंड के डुमरांव रेलवे स्टेशन के पश्चिमी गुमटी के समीप इस रूट से गुजरने वाली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन पर शरारती तत्वों ने पत्थर फेंका है। इस घटना के बाद ट्रेन में बैठे यात्री सहम गये। इसकी सूचना मिलते ही रेल महकमे में अफरा-तफरी मच गयी। रेल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पटना से दिल्ली तक जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से पटना से खुली और बुधवार की रात करीब 11.55 बजे डुमरांव स्टेशन से गुजरी। इसी दौरान गुमटी के समीप खड़े कुछ शरारती तत्वों ने ट्रेन के ऊपर पत्थर फेंक दिया। हालांकि शरारती तत्वों के इस करतूत से किसी यात्री की चोटिल होने की खबर नही मिली है। जीआरपी पोस्ट प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि शरारती तत्वों की पहचान करने में पुलिस जुटी है।

### उपमुखिया के देवर की पिटाई, 11 पर केस दर्ज

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के पिपरी गांव में उपमुखिया के देवर की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित पिपरी गांव का रहने वाला मनजी यादव के पुत्र राकेश कुमार बताया जाता है। पीड़ित ने इस मामले में 11 लोगों के खिलाफ स्थानीय थाने में आवेदन देकर नामजद केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गयी है। पीड़ित ने पुलिस को बताया है कि वह अपने दालान में बैठकर टीवी देख रहा था। इसी दौरान उमेश प्रसाद, मोहन प्रसाद, राजा बाबू प्रसाद, मुन्ना प्रसाद, विक्रमा प्रसाद सहित अन्य नामजद लोग आ धमके और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे से हमला बोल दिया। इस दौरान उन्होंने मेरे गले से सोने की चेन झपट ली।

# पिकअप वैन में बनाए गए तहखाना से छह लाख की शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

- गुप्त सूचना के आधार पर बक्सर उत्पाद विभाग की टीम ने की कार्रवाई
- 95 पेटियों में रखी गई थी 860 लीटर विदेशी शराब
- हरियाणा के भिवानी का रहने वाला है गिरफ्तार तस्कर अमित कुमार

**केटी न्यूज/बक्सर**

होली पूर्व शराब की बड़ी खेप स्टॉक करने के तस्करों के मंसूबें पर बक्सर उत्पाद विभाग की टीम ने पानी फेर दिया है। बुधवार की देर रात बक्सर को यूपी के भरौली से जोड़ने वाली वीर कुंवर सिंह सेतु पर मुश्तैद उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना पर एक खाली पिकअप में बनाए गए विशेष तहखाना से 95 पेटियों में 860 लीटर शराब जिसकी कीमत करीब छह लाख रूपए है के साथ एक तस्कर को पकड़ा है।





गिरफ्तार तस्कर अमित कुमार हरियाणा के भिवानी का रहने वाला है। उत्पाद विभाग की टीम द्वारा कड़ाई से पूछताछ के बाद उसे जेल भेजा गया है। पुलिस की पूछताछ के दौरान अमित ने बताया कि वह इस खेप को लेकर बिहार के सुपौल जिला में जाने वाला था। उसने स्वीकार किया कि इसके पहले भी वह कई बार शराब की खेप बिहार के विभिन्न जगहों पर पहुंचा मोटा मुनाफा कमा चुका है। लेकिन इस बार उत्पाद विभाग की नजरों से बच नहीं सका। अमित की मानें तो बिहार में शराब की कीमत तीन से चार गुना अधिक मिल रही है। जिस कारण उसके जैसा कई अन्य चालक भी इस तस्करी से जुड़े है।

### पिकअप में बना था छह फीट लंबा व चार फीट चौड़ा तहखाना

मिली जानकारी के अनुसार उत्पाद विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि वीर कुंवर सिंह सेतु के रास्ते एक पिकअप से शराब की बड़ी खेप आने वाली है। इस सूचना पर उत्पाद विभाग की टीम ने चौकसी बढ़ा दी थी। जैसे ही वह पिकअप पुल को पार कर बिहार की सीमा में प्रवेश की तो उत्पाद विभाग की टीम उसे रोककर तलाशी अभियान शुरू की। पहले तो पिकअप खाली देख टीम को लगा कि इसमें शराब नहीं है। पुलिस ने उसे जाने का इशारा किया। इसी दौरान चालक की हरकत पर टीम का शक पुख्ता हो गया तथा उसे दुबारा रूकवा बारीकी से पड़ताल की गई तो पिकअप के अंदर बने 6 फिट लंबे व 4 फिट चौड़े तहखाना में शराब की पेटियां भरी मिली। जिसके बाद टीम ने तत्काल चालक को गिरफ्तार कर लिया।

### होली से पहले विशेष सतर्कता बरत रही है उत्पाद विभाग

होली का पर्व नजदीक है। ऐसे में उत्पाद विभाग की नजर भी शराब तस्करों पर बनी हुई है। बता दें कि होली में शराब की डिमांड को पूरा करने के लिए तस्कर बहुत पहले से तैयारी में जुट जाते है। इस दौरान तस्करों द्वारा कई हथकंडे अपना डिमांड के अनुरूप शराब का स्टॉक करने का प्रयास किया जाता है। लेकिन अब उत्पाद विभाग तथा पुलिस इसे जान चुकी है। उत्पाद अधीक्षक देवेन्द्र प्रसाद ने बताया कि होली पूर्व विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसी कड़ी में टीम को यह सफलता मिली है। उन्होंने कहा होली तक यह विशेष अभियान जारी रहेगा।

### पुरानी योजनाओं की धरातली स्थिति व कागजातों को खंगाल रही निगरानी विभाग की टीम

# डुमरांव नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत की निगरानी टीम ने शुरू की जांच

- टीम ने वितीय वर्ष 2015-16, 2016-17 में नगर परिषद द्वारा करवाए गए सड़कों, नालियों, सेंट्रल नाला निर्माण आदि की जांच के साथ 15 बिंदुओं पर पड़ताल की
- पूर्व मंत्री ददन पहलवान की शिकायत पर पटना से जांच करने आई है निगरानी टीम

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर परिषद में वर्षों से व्याप्त भ्रष्टाचार, सरकारी योजनाओं में मानकों के विरुद्ध कार्य करा लूट खसोट करने वाले अधिकारियों की अब खैर नहीं है। पूर्व मंत्री ददन पहलवान की शिकायत पर निगरानी विभाग पटना की टीम ने इस मसले पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। गुरुवार को डुमरांव पहुंची निगरानी विभाग की टीम ने वित्तीय वर्ष 2015-16, 2016-17 में नगर परिषद द्वारा करवाए गए सड़कों, नालियों, सेंट्रल नाला निर्माण आदि की जांच के साथ ही 15 बिंदुओं पर पड़ताल शुरू कर दी है।

बताया जाता है कि जांच करने आई निगरानी टीम द्वारा नप प्रशासन से योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति, अनुमोदित परिमाण विपत्र निविदा आमंत्रण सूचना निविदा का पेपर कार्य आदेश इकरारनामा मापी पुस्तिका कार्य का भौतिक व वित्तीय प्रतिवेदन निरीक्षण प्रतिवेदन



का डिमांड नगर परिषद से किया है। इस डिमांड के बाद नप प्रशासन की मुश्किलें बढ़ गई है। हालांकि जांच टीम द्वारा मीडिया को कुछ भी बताने से परहेज किया गया। सिर्फ इतना बताया गया कि पूर्व मंत्री ददन पहलवान की शिकायत के बाद यह जांच शुरू हुई है।

**जांच शुरू होते ही मचा हड़कंप:** इधर निगरानी विभाग द्वारा भ्रष्टाचार की जांच शुरू करते ही नगर परिषद प्रशासन में हड़कंप मच गया है। जानकारों की मानें तो नगर परिषद में बड़े पैमाने पर लूट खसोट मचाया गया है। यहां भ्रष्टाचार की जड़े पुरानी और काफी गहरी है। जानकारों की मानें तो यदि पारदर्शी तरीके से जांच हुआ तो पूर्व के कई अधिकारियों तथा संवेदकों की गर्दन फंसनी तय है। बता दें कि नगर परिषद प्रशासन पर लंबे समय से भ्रष्टाचार तथा नियम विरुद्ध कार्य कराने के आरोप लगते रहे है। लेकिन नगर विकास विभाग व सरकार की मेहरबानी से यहां के भ्रष्ट पदाधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हो सकी है। जिससे उनका मनोबल बढ़ा हुआ था। जानकारों की मानें तो यदि सूक्ष्मता से जांच हो तो इस नगर परिषद के कई पूर्व ईओ पर आय से अधिक संपति का मामला भी उजागर हो सकता है।

### सड़क व नाली निर्माण समेत अन्य योजनाओं की जांच

जानकारी के अनुसार इस दौरान निगरानी की टीम द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 में नया थाना मेन रोड से महादलित बस्ती होते हुए नीशा नगर तक नाली निर्माण एवं स्लैब ढलाई कार्य, शक्ति द्वार से चरमोटिया इनार होते हुए गोला चौक मेन रोड तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य, पूर्व के वार्ड 23 में सेंट्रल नाला के छूटे हिस्से में नाली निर्माण कार्य, वित्तीय वर्ष 2016-17 में अनिल ओझा के घर से बड़ाबाग पथ तक पीसीसी ढलाई, साफाखाना रोड में सड़क के दोनों तरफ कराए गए नाली निर्माण कार्य प्रमुख है। जिसकी जांच निगरानी विभाग द्वारा शुरू की गई है।

जांच टीम द्वारा इन योजनाओं का भौतिक निरीक्षण किया गया तथा स्थानीय निवासियों से पूछताछ के आधार पर जानकारी भी इकट्ठा की गई। टेक्सटाईल कॉलोनी पहुंची निगरानी की टीम ने कई जगहों पर सड़क की खुदाई करा इस बात की तस्दीक भी की कि ढलाई कितनी इंच हुई है। इसके अलावे टीम ने इन योजनाओं से जुड़े संपूर्ण कागजातों की मांग भी नगर परिषद प्रशासन से की है। इतना तो तय है कि किसी योजना में अगर गड़बड़ी मिलती है तो अधिकारियों पर गाज गिरेगी।

## एक नजर

### राम लाल सिंह बालिका इंटर कॉलेज तक जाने के लिए जल्दी बनेगा रोड, डीएम ने दिए निर्देश



**नावानगर।** नावानगर अंचल के आथर पंचायत में बने रामलाल सिंह इंटर कॉलेज तक पहुंचने के लिए जल्दी ही लिंक रोड बनाया जाएगा। गुरूवार को डीएम अमन समीर व डुमरांव विधायक डा अजित कुमार सिंह आथर पहुंच रास्ता निर्माण के लिए रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए। डीएम के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने रास्ता इस प्लस टू स्कूल तक जाने के लिए रास्ते की तलाश भी करते नजर आई। उनके साथ डीडीसी डा महेन्द्र पाल, डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज, नावागनर बीडीओ मनोज कुमार, सीओ अजित कुमार, मनरेगा पीओ तथा प्रखंड प्रमुख अंकित कुमार मौजूद थे। इस दौरान डीएम ने कांव नदी के किनारे इस विद्यालय भवन तक पहुंच पथ बनाने के लिए कार्य योजना तैयार करने के लिए सीओ व पीओ को निर्देश दिया है। स्थानीय लोगों वी अधिकारियों द्वार बताया गया कि विद्यालय भवन के चारो तरफ किसानों की रैयती जमीन है। जिसके चलते 11 वर्ष पूर्व निर्मित इस विद्यालय भवन तक जाने के लिए रास्ता नहीं रहने के कारण पढ़ाई शुरू नहीं हो पाया है।

### बक्सर में लोजपा रामविलास का महाधरना संपन्न, डीएम को सौंपा मांग पत्र



**बक्सर।** लोजपा रामविलास ने गुरुवार को अंबेडकर चौक पर बिहार में बढ़ी बिजली दर तथा बिजली कंपनी के अधिकारियों द्वारा धौंस जमा उगाही समेत 9 सूत्री मांगों के समर्थन में महाधरना दिया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बिजली दरों में वृद्धि तथा कंपनी अधिकारियों के वसूली के खिलाफ यह महाधरना पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय चिराग पासवान के निर्देश पर बिहार के सभी जिला मुख्यालयों पर आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि बिजली के मुद्दे पर लोजपा नीतीश कुमार की सरकार को उखाड़ फेकेगी। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई जनता के फायदे व बिकास के लिए है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बिहार में लूट, हत्या, डकैती, बेरोजगारी, पलायन की समस्या गंभीर है। इसका समाधान करने के बजाए मुख्यमंत्री समाधान यात्रा का नाटक कर रहे है। उन्हें नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। मौके पर नसीम अंसारी, विवेक पाण्डेय उर्फ गोलु, राजीव रंजन पासवान, संजय कुमार पासवान, अरूण पासवान, ठाकुर भानुशंकर सिंह, ओमजी मिश्र, उरजेश राय, नौशाद आलम, पुनम मिश्रा, संजीव राय, मिकू राय, गुडु चौबे, ओमप्रकाश पासवान, गिरदावल राजभर, विजय प्रताप ओझा, जनार्दन पासवान, पप्पु पासवान, मनोज कुमार सिंह, हरेराम चौबे, राहुल चौबे, नंदलाल बारी, सुरेन्द्र राम, विक्की पासवान आदि हजारो कार्यकर्ता महाधरना मे शामिल हुए।

### यात्री शेड बनाने को ले बीडीओ ने की बैठक

**केसठ।** अब यात्रियों को वाहन पकड़ने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा इसके लिए बिहार सरकार की तरफ से जिले के प्रत्येक पंचायत में एक यात्री शेड बनाने को लेकर निर्देश दिया है। तो वहीं इसी कड़ी में प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा ने प्रखंड के तीनों पंचायत के मुखिया के साथ बैठक किया जिसमें बीडीओ ने मुखिया को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने पंचायतों में यात्री शेड बनाने को लेकर भूमि को चिन्हित कर रिपोर्ट देंगे। तो वही रामपुर में यात्री शेड बनाने को लेकर जगह को चिन्हित कर लिया गया है जिसकी जांच कर रिपोर्ट जिला को भेज दी जाएगी। बीडीओ ने कहा कि यात्री शेड बन जाने से यात्रियों को वाहन पकड़ने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। वे निश्चित रूप से यात्री शेड में बैठकर अपनी वाहन का इंतजार कर सकेंगे। इस मौके पर मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान, बसंत पांडेय, छोटू राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### भटौली में किया गया डस्टबिन का वितरण

**नावानगर।** स्वच्छ पंचायत बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को स्थानीय प्रखंड के भटौली पंचायत अंतर्गत वार्ड 13 के दलित बस्ती में डस्टबिन का वितरण किया गया। इसके लिए पंचायत में शिविर लगाया गया था। जिसकी अध्यक्षता मुखिया विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह ने किया। शिविर में पहुंचे वार्ड के दलित परिवारों को नीला एवं हरे रंग एक-एक डस्टबीन दिया गया। इस दौरान मुखिया ने सभी लोगों से घर के गीला एवं सूखा कचड़ा अलग-अलग डस्टबिन में डालने की अपील किया गया। साथ ही गली एवं घर के आस पास स्वच्छ रखने का संदेश दिया। मुखिया विजय कुमार सिंह ने बताया कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत पंचायत को पूर्ण रूप से स्वच्छ बनाने को लेकर पंचायत में जोर शोर से अभियान चलाया जा रहा है।

## सांसद खेल महाकुंभः राजपुर ने ब्रह्मपुर को छह विकेट से हराया

**केटी न्यूज/बक्सर**

गुरूवार को किला मैदान में सांसद खेल महाकुंभ का विधिवत शुरूआत हुई। उदघाटन मुकाबला राजपुर विधानसभा और ब्रह्मपुर विधानसभा की टीमों के बीच हुआ। जिसमें राजपुर विधानसभा की टीम ने ब्रह्मपुर विधानसभा की टीम को छह विकेट से पराजित कर दिया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्रह्मपुर विधानसभा इलेवन की टीम 15.2 ओवर में मात्र 98 रनों पर सिमट गई। ब्रह्मपुर की ओर से अनिकेत ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। इसके अलावे कोई अन्य बल्लेबाज टिककर बल्लेबाजी नहीं कर सका। राजपुर की तरफ से सब्बास व प्रकाश ने 3-3 विकेट लिए। मामूली



स्कोर का पीछा करने उतरी राजपुर विधानसभा इलेवन की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी की और 14 वें ओवर में ही चार विकेट खो लक्ष्य हासिल कर लिया। राजपुर की ओर से सुमित ने महज 27 गेंदों में हैट्रिक छक्के व चार चौकों के सहारे 41 रन बना ब्रह्मपुर विधानसभा टीम के स्कोर को बौना साबित कर दिया।

## दो दिनों से गायब बक्सर के युवक का नहर में मिला शव

- दरिया साहब मजार के समीप नहर में पड़ा था शव, कपड़ो के आधार पर हुई पहचान
- मंगलवार सुबह निकलने के बाद घर नहीं लौटने पर परिजनों ने थाने में की थी शिकायत

**केटी न्यूज/बक्सर**

टाउन थाना क्षेत्र के दरिया साहब मजार के समीप नहर से गुरूवार को एक युवक को शव बरामद किया गया। पहले तो घंटो पुलिस उसकी पहचान को लेकर परेशान थी। लेकिन बाद में आए परिजनों ने कपड़ो के आधार पर उसकी पहचान की। प्रथम दृष्टया गला दबा हत्या करने के बाद पहचान छिपाने के लिए उसके चेहरे पर तेजाब डाला गया



था। मृतक नवीन कुमार यादव उम्र 26 वर्ष पिता विजय कुमार सिंह है। उसका घर घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर है। मंगलवार को ही सुबह 9 बजे से घर से निकला था। लेकिन वापस लौट कर नहीं आया।

हालांकि दो दिनों तक उसके परिजनों द्वारा उसके गुमशुदगी की शिकायत दर्ज नहीं करवाई गई थी।



जिससे कई सवाल उठ रहे है। शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक की पत्नी पूनम कुमारी ने अज्ञात हत्यारों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। बताया जाता है कि मृतक पहले ट्रक पर खलासी का काम करता था। लेकिन पिछले कुछ महीनों से वह बेरोजगार था। ऐसे में उसकी हत्या किसने की तथा क्यों की यह बड़ा सवाल बन गया है। वैसे सूत्रों की मानें तो इस हत्याकांड में अवैध संबंधों से इंकार नहीं किया जा सकता है। टाउन थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस जल्दी ही इस मामले का उद्भेदन कर लेगी।

### सीसीटीवी कैमरे से लैस हैं दोनों केंद्र, वीक्षकों को मूल्यांकन हॉल में एंड्रायड मोबाईल ले जाने की अनुमति नहीं

# आज से दो केंद्रों पर होगा इंटर परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन

**केटी न्यूज/बक्सर**

शुक्रवार से इंटरमीडिएट परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू हो रहा है। बिहार बोर्ड द्वारा इंटरमीडिएट के कॉपियों के मूल्यांकन के लिए दो मूल्यांकन केन्द्र बनाए गए हैं। बोर्ड हर हाल में निर्धारित समय पर परिणाम घोषित करने के लिए तत्पर है। एक मार्च से मैट्रिक परीक्षा के कॉपियों का मूल्यांकन भी तीन केन्द्रों पर किया जाएगा।

डीईओ अनिल कुमार द्विवेदी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इंटरमीडिएट के कॉपियों के मूल्यांकन के लिए बक्सर के एमवी कॉलेज व एमपी उच्च विद्यालय को मूल्यांकन केन्द्र बनाया गया है। मूल्यांकन 24 फरवरी से 5 मार्च



तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मूल्यांकन को पारदर्शी रखने के लिए बोर्ड द्वारा वीक्षकों के लिए गाइडलाइन जारी किया गया है। दोनो केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरा लगा दिया गया है। वीक्षकों को मूल्यांकन हॉल में एंड्रायड मोबाईल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। वही परीक्षा केन्द्रों के बाहर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गई है। ताकी किसी भी तरह के अप्रिय स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। मूल्यांकन कार्य को निष्पक्ष कराने के लिए शिक्षा विभाग व जिला प्रशासन पल पल की स्थिति पर नजर रखेगा। विषयवार वीक्षकों को नियुक्त किया गया है। निर्धारित समय में मूल्यांकन कार्य पूरा कराने के लिए प्रत्येक वीक्षक को एक दिन में कम से कम 40 कॉपियों का मूल्यांकन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बोर्ड द्वारा जारी किए गए गाइड लाइन का उल्लंघन करने वाले तथा मूल्यांकन कार्य में लापरवाही बरतने वाले वीक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी। डीईओ ने कहा कि इसकी वीक्षकों को इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई है।

**तीन केन्द्रों पर होगा मैट्रिक कॉपियों का मूल्यांकन:** डीईओ ने बताया कि मैट्रिक परीक्षा के कॉपियों का मूल्यांकन एक मार्च से होगा। इसके लिए बीबी उच्च विद्यालय, इंदिरा उच्च विद्यालय तथा नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय को मूल्यांकन केन्द्र बनाया गया है। डीईओ ने कहा कि मैट्रिक के मूल्यांकन के दौरान भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे तथा सुरक्षा के लिए वही इंतजाम किए जाएंगे जो इंटरमीडिएट परीक्षा के कॉपियों के मूल्यांकन केन्द्रों पर होगी। वीक्षकों को भी स्मार्ट फोन ले जाने की छूट नहीं दी गई है। डीईओ ने कहा कि निर्धारित समय में ही इंटरमीडिएट व मैट्रिक परीक्षा के कॉपियों का मूल्यांकन करवाया लिया जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।

### बाइक और बोलेरो की टक्कर में दंपति जख्मी

**नावानगर।** कड़सर ब्रह्मस्थान के पास गुरुवार को बाइक बोलेरो की टक्कर में बाइक सवार दंपति गंभीर रुप से जख्मी हो गए। जख्मी पति पत्नी रोहतास जिला के कोआथ गांव निवासी गोपाल सिंह एवं पुष्पा देवी है। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को देते हुए दोनों जख्मी को सोनवर्षा के मां विंध्यवासिनी इमरजेंसी हॉस्पीटल में इलाज के लिए ले गए। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जख्मी पति को आरा रेफर कर दिया। इधर दुर्घटना के बाद बोलेरो चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया है। जख्मी महिला पुष्पा देवी के अनुसार अपने मैके वैना जमुनीपुर गांव से बाइक पर सवार होकर अपने ससुराल कोआथ जा रही थी। तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही बोलेरो ने कड़सर ब्रह्मस्थान के पास बाइक में टक्कर मार दी।

## खबरें फटाफट

### 5 लोगों को 6 माह के लिए जिला बदर करने का आदेश

**मऊ।** मऊ जिले में डीएम अरुण कुमार ने गुंडा एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 लोगों को 6 माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। सभी आरोपियों पर विभिन्न थानों में कई धाराओं में मुकदमा दर्ज है। जिला बदर किए गए अपराधियों में टेन सिंह भास्कर पुत्र भगवानदास, निवासी बरडीहा थाना मोहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ, मुलायम पुत्र भगवानदास निवासी बरडीहा थाना मोहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ, कैलाश यादव पुत्र रामपति यादव निवासी दौलसेपुर थाना रानीपुर जनपद मऊ, पंकज यादव पुत्र हीरा यादव निवासी रामपुर चकिया थाना दक्षिण टोला मऊ और अभय राव हरिजन उर्फ महाकाल पुत्र अभय कुमार हरिजन, निवासी पावर हाउस कॉलोनी निजामुद्दीनपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### गला रेतकर अधेड़ की हत्या, खेत में मिला शव

**मऊ।** जिले के दोहरीघाट थाना अन्तर्गत बीती रात ग्राम सभा पाउस के पूर्वी सिवान लगभग 300 मीटर दूर गेंहू के खेत में धारदार हथियार से गला रेतकर एक अंधेड़ की हत्या कर दी गयी। सुबह जैसे ही खेत आए ग्रामीणो ने शव को देखा तभी किसी ने शव की शिनाख्त की। मृतक पाउस गाँव मे ही अपनी बेटी के यहां एक दिन पूर्व आया था तथा दूसरे दिन उसकी गाँव के ही सिवान मे लाश मिलने से सनसनी फैल गयी। मृतक के दामाद ने गुरूवार को थाने मे अपने ससुर के गायब होने की तहरीर दी है। मृतक जयराम तिवारी मूल रूप से ग्राम पिपरहिया थाना व जनपद छपरा बिहार के निवासी है, जो अपनी पुत्री ममता उम्र 28 वर्ष की शादी लगभग 06 वर्ष पूर्व नर्वेश तिवारी पुत्र गौरी तिवारी उम्र 32 वर्ष नि0 ग्राम पाउस थाना दोहरीघाट मऊ के साथ किये थे, नर्वेश तिवारी के 03 बच्चे क्रमशः 4 वर्ष, 2 वर्ष व 06 माह है।

# हर परिवार की होगी अपनी पहचान, सभी परिवार को जारी होगी आईडी

**केटी न्यूज/बलिया**

- जिनके पास राशन कार्ड है, वही उनकी फैमिली आईडी होगी
- जिनके पास राशन कार्ड नहीं है उनको जारी होगी आईडी




जिले के हर परिवार की अपनी पहचान होगी। इसके लिए फैमिली आइडी जारी की जाएगी। इसके सम्बन्ध में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट में हुआ, जिसमें मास्टर ट्रेनर ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अभिजात सिंह ने सभी एसडीएम-बीडीओ को ट्रेंड किया। ई-डीएम ने बताया कि जिनके पास राशन कार्ड है, वही उनकी फैमिली आईडी होगी। जो राशन कार्ड के लिए पात्र नहीं है, उनको फैमिली आईडी जारी की जाएगी। भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में इससे सहूलियत होगी। कोई भी व्यक्ति स्वेच्छा से इनके लिए आवेदन कर सकता है। सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं लेने वाले भी फैमिली आईडी के लिए आवेदन कर सकते हैं। स्वीकर्ता अधिकारी शहरी क्षेत्रों के सम्बन्धित एसडीएम तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सम्बन्धित बीडीओ होंगे।

इस संबंध में कलेक्ट्रेट में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अभिजात सिंह ने सभी एसडीएम व बीडीओ को फैमिली आईडी जारी करने के सम्बन्ध में जरूरी टिप्स दिये। उन्होंने शासन की गाईडलाईन को विस्तार से अवगत कराया। ईडीएम ने बताया कि एक परिवार-एक पहचान के तहत जारी होने वाली फैमिली आईडी का प्रमुख उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को शत प्रतिशत आच्छादित करना, अपात्र को पूर्ण रूप से हटाना, छूटे हुए लाभार्थियों और जरूरतमंद परिवारों की पहचान प्राथमिकता के आधार पर करना है। सरकार की सभी योजनाओं का संतृप्तीकरण में इसका महत्वपूर्ण योगदान होगा। ईडीएम ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि जिनके पास राशन कार्ड है, वहीं उनकी फैमिली आईडी होगी।

**खुद आवेदन करने पर कोई चार्ज नहीं :** फैमिली आईडी बनवाने के लिए इसके पोर्टल पर खुद से आवेदन करने पर कोई भी चार्ज देना नहीं होगा। जनसेवा केंद्र के माध्यम से आवेदन पर 30 रूपए चार्ज देना होगा। प्रत्येक आईडी के पंजीकरण के लिए परिवार के सभी सदस्यों का आधार होना चाहिए। सभी आधार मोबाइल नम्बर से लिंक होना चाहिए, जिससे कि उनका मोबाइल ओटीपी के जरिए सत्यापित हो सके।

**इन्हे माना जायेगा परिवार का सदस्य :** ईडीएम ने बताया कि कोई पुरूष या स्त्री, उसकी पत्नी अथवा पति, स्वयं के माता-पिता, स्वयं पर आश्रित वयस्क व अवयस्क भाई-बहन, वयस्क भाई-बहन व उनके परिवार जो संयुक्त परिवार के रूप में रहते हों, अवयस्क संतान, आश्रित वयस्क संतान, विवाहित अथवा अविवाहित वयस्क पुत्र एवं उसकी पत्नी एवं संतान, जो संयुक्त परिवार के रूप में साथ रहते हों, दत्तक पुत्र या पुत्री परिवार का सदस्य माना जाएगा। प्रशिक्षण में एसडीएम सदर प्रशांत नायक, एसडीएम रसड़ा सर्वेश यादव, एसडीएम बेल्थरा दीपशिखा सिंह, एसडीएम बांसडीह राजेश कुमार, एसडीएम बैरिया आत्रेय मिश्र व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए जमीन रजिस्ट्री होने के बावजूद नहीं मिला है मुआवजा

# किसानों ने फूंका जिलाधिकारी का पुतला 27 को आरपार की लड़ाई की दी चेतावनी

**केटी न्यूज/बलिया**





ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे के लिए जमीन रजिस्ट्री होने के बावजूद अभी तक मुआवजा नहीं मिलने से कोटवारी गांव के किसानों ने गुरुवार को जिलाधिकारी का पुतला फूंका। इस दौरान किसान जिला प्रशासन मुदार्बाद के नारे भी लगाए। कहा कि यदि 27 फरवरी के पहले हम लोगों को हमारा मुआवजा नहीं मिल जाता है, तब हम लोग आरपार की लड़ाई लडेंगे।

आगामी 27 फरवरी को केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आगमन हो रहा है। इस दिन परिवहन मंत्री चितबड़ागांव में ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे का शिलान्यास करेंगे। उसके पहले कार्यक्रम स्थल के ही आसपास के गांव जहां से ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे गुजरेगी, जैसे कोटवारी, एकौनी, सिंहपुर आदि गांवों के दर्जनों किसान आंदोलन के मूड में है। किसानों का कहना है कि बीते नवंबर माह में ही हम लोगों की जमीन की रजिस्ट्री हो गई, लेकिन अभी तक हम लोगों को हमारा मुआवजा नहीं मिला। इतना ही नहीं बहुतसे किसानों का आरोप यह भी रहा कि लेखपाल रजिस्ट्री कराने के नाम पर धनउगाही कर रहे हैं। वहीं कुछ किसानों का कहना था कि नंबर वन की जमीन बताकर रजिस्ट्री करा ली गई और अब उसी जमीन को नंबर दो की बताकर हम लोगों के साथ तहसील के अधिकारी तथा कर्मचारियों द्वारा छल किया जा रहा है। लेकिन हम लोगों को अपना हक लेना आता है। कहा कि आज तो सिर्फ हम लोग जिलाधिकारी का पुतला फूंके हैं। आगामी 26 फरवरी को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करेंगे। उसके बाद भी यदि हम लोगों को मुआवजा नहीं मिलता है तो चितबड़ागांव, जहां गडकरी जी का कार्यक्रम स्थल है, वहां पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन करेंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस दौरान किसानों में दिलीप सिंह, मुन्ना सिंह, वीरेंद्र सिंह, रामप्रवेश तिवारी, अशोक सिंह, विजय शंकर सिंह, सुधीर सिंह, उपेंद्र सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

**लेखपाल दे रहे गोली मारकर मारने की धमकी:** कोटवारी के किसान विजयशंकर सिंह ने आरोप लगाया कि मेरे द्वारा जब लेखपाल जो कि बड़ागांव रहते हैं, उनके मुआवजे की धनराशि कब आएगी पूछा गया तो उन्होंने मुझे गोली मारकर मारने की धमकी दी। किसान ने कहा कि जमीन रजिस्ट्री कराने से पहले कई बार लेखपाल द्वारा पैसा मांगा गया है।

### सीएम योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस की नीति नहीं दिखती जमीन पर : एआईएमआईएम

**बलिया।** आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे में किसानों के साथ हो रहे शोषण और धांधली के विरोध में गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन परिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। इस दौरान उत्तर प्रदेश के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न बंद किया जाए। जिन किसानों ने अपनी जमीन की रजिस्ट्री ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे को कर दिया है। उनका अविलंब भुगतान किया जाए, राजस्व के जो छोटे अधिकारी और कर्मचारी बेलगाम हो चुके हैं। वे किसानों का शोषण कर रहे हैं, उनकी जांच कराकर उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। किसान जमीन की रजिस्ट्री करने के बाद अब उस पर खेती भी नहीं कर सकता है, जो धनराशि मिलेगी उसे छोटे–मोटे व्यापार करके जीविकोपार्जन का रास्ता बनाएंगे। इसलिए उस पैसे को अविलंब उन्हें दिया जाए। ताकि उनकी रोजी–रोटी चल सके। मुख्यमंत्री जी से हम मांग करते हैं कि आपकी जीरो टॉलरेंस की जो निति है वह केवल कागजों में है। आपकी नीति का असर जनता को दिखना चाहिए। इस अवसर पर पूर्वांचल के सचिव कालिका प्रसाद, जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान, जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, जिला प्रमुख महासचिव महताब आलम, जिला संयुक्त सचिव शमशीर अहमद, कोषाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, जाफर अहमद उर्फ मुन्ना बाबा, तितिल कुमार आदि शामिल थे।

## एक नजर

### परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह बोले... बजट में बलिया को मिली बड़ी सौगात

**बलिया।** प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि सूबे की योगी सरकार ने इस बार के बजट में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं जिसका सभी वर्गों को दूरगामी लाभ मिलेगा। सरकार ने बजट में बलिया जनपद को स्पोर्ट्स कालेज देने के साथ ही मेडिकल कॉलेज के लिए धन आवंटित कर सराहनीय कार्य किया है। इसके अलावा सरकार ने बजट में पहली बार परिवहन विभाग को 800 करोड़ रुपये से अधिक का धन दिया है जिससे कई बड़े काम होंगे। परिवहन विभाग को मिले इस बजट में एक हजार नई बसों को खरीदे जाने के साथ ही नए आधुनिक बस स्टैंड आदि का काम होगा। बजट में बलिया जनपद के बस स्टैंड के लिए भी धन आवंटित किया गया है। इससे जनपद में आधुनिक बस स्टेशन का निर्माण कराया जाएगा। बजट में मिले धन से बसों में आधुनिक सुविधाओं को बढ़ाने का काम किया जाएगा जिससे यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी। ऐसे में यह बजट हर मायने में मील का पत्थर साबित होगा। मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि बजट में बलिया जनपद को कई सौगात देने के लिए प्रदेश सरकार साधुवाद की पात्र है। इसके लिए प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ का बहुत ही आभार है।

### 14 मार्च को होने वाले बुनकर सम्मलेन को सफल बनाने के लिए हुई बैठक



**मऊ।** समाजवादी पार्टी के कैम्प कार्यालय पर बुनकरों की समस्या को लेकर आगामी 14 मार्च को होने वाले बुनकर सम्मलेन को सफल बनाने के लिए गुरुवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिले छोटे बड़े बुनकर मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य और बुनकर नेता अल्ताफ अंसारी ने कहा कि उतर प्रदेश सरकार के द्वारा जो बजट लाया गया है उससे उत्तर प्रदेश सभी वर्ग सहित बुनकरों में बहुत बड़ी मायूसी है इस बजट में उत्तर प्रदेश के गरीब बुनकरों के बच्चो को शिक्षा दीक्षा और उनके पावरलूम छोटे उद्योग के लिए किसी तरह की कोई सहूलियत नहीं दी गयी है। बिजली के फलेट रेट पर भी सरकार का बजट जो 2017 में था वही बजट आज भी है। महगाई और आबादी बढ़ने के बाद भी बजट में कोई बदलाव नहीं लाया गया है। आगामी 14 मार्च को प्रस्तावित बुनकर सम्मलेन की तैयारी को लेकर बुनकरों की कई स्थानों पर बैठक की जा रही है। कहा कि देश और प्रदेश के बुनकर की मंदी के चलते बर्बाद है। मगर देश और प्रदेश की सरकार मूकदर्शक बनी हुयी है ऐसे में आज बुनकरों के पास दूसरा कोई आजीविका का साधन नहीं है। बैठक में अरशद रेयाज ,एकरामुल हबीब ,पूर्व प्रधान नेसार अहमद ,बदरुद्दीन उर्फ मामा ,सोहेल एडवोकेट ,शफीकुर्ररहमान पूर्व सभासद ,नौशाद शाह इमदाद अहमद दिलशाद अहमद अफरोज अहमद मास्टर अफजल आदि लोग मौजूद थे।

### सचिव ने वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वावधान में तथा जनपद न्यायाधीश के आदेश पर वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण अधिनियम -2007 के तहत विधिक साक्षरता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृद्धजन आवास/वृद्धाश्रम, लंगड़पुर, छावनी लाइन में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस मौके पर पूर्णकालिक सचिव कामायनी दूबे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने वृद्धजन आवास/वृद्धाश्रम की जानकारी ली, परिसर में साफ-सफाई, स्वच्छ पानी, मीनू के अनुसार भोजन, कपडे. तथा समुचित प्रबंध के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए दिशा-निर्देश दिया। प्रबंधक द्वारा चौबीस घंटे आश्रम में ही रहकर वृद्धजन आवास/वृद्धाश्रम का सेवा दे रही है तथा उनके द्वारा यह भी बताया गया कि वृद्धाश्रम को संचालित करने के लिए कर्मचारी कार्यरत है। वृद्धजन आवास/वृद्धाश्रम में पुरूष और महिला दोनों रहते है। वृद्धाश्रम को देख-रेख के लिए वीडियो कैमरा एवं विश्राम के लिए कुर्सी, टेबल, चौकी आदि की उचित व्यवस्था है। वृद्धजन आवास/वृद्धाश्रम का मीनू विवरण के अनुसार उनको सप्ताहिक सुबह का नाश्ता, दोपहर का भोजन, शाम का नाश्ता व रात्रि का भोजन के बारे बताया गया तथा मौसमी सब्जी, फल भी दिया जाता है। प्रबंधक द्वारा बताया गया कि वे गांव-गांव के ग्राम प्रधान/सरपंच से जनसर्म्पक भी करती है कि अगर कोई वृद्ध बेसहारा हो, कोई देख-रेख न करने वाला हो तो वे सूचित कर इस नेक व पुण्य कार्य के भागीदर बन सकते है।

### एनएसएस की टीम ने की सफाई



**बलिया।** राष्ट्रीय सेवा योजना मुरली मनोहर टाउन स्नाकोत्तर महाविद्यालय बलिया के सप्त दिवसीय शिविर के तीसरे दिन विद्यालय परिसर की सफाई के पश्चात टोली बनाकर प्राथमिक विद्यालय जीराबस्ती नंबर 2 विद्यालय की सफाई का कार्य किया। इसके पश्चात विद्यालय कैम्प में वापस आकर ब्लैक बेल्ट निक्की यादव के नेतृत्व में स्वंयसेविकाओं एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया। इसके पश्चात बौद्धिक सत्र में डा. बृजेश सिंह सेवक एवं सेविकाओं को पर्यावरण के संबंध में बताया तथा पूर्व कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर अशोक सिंह ने सेवक सेविकाओं को एनएसएस के महत्व एवं जागरूकता कार्यक्रम के बारे में बताया। इसके पश्चात सेवक सेविकाएं टोली बनाकर आर्थिक सर्वेक्षण के लिए हनुमानगंज जीराबस्ती गाँव मे गए और सर्वेक्षण का कार्य किया।

### फेफना में खेत में संदिग्ध हालत में युवक का शव मिलने से मची सनसनी

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र रट्ठू चक (वैना) गांव में गेंहू के खेत संदिग्ध हाल में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की जानकारी हो सकेगी। जानकारी के अनुसार रट्ठू चक (वैना) गांव के पास से गुजर रहे एनएच-31 से दक्षिण गेंहू की खेत में बुधवार की देर शाम लोगों की नजर युवक के शव पर पड़ी। इसके बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सीओ सदर अशोक कुमार मिश्र व एसओ फेफना रोहन राकेश सिंह मौके पर पहुंच गये। पुलिस द्वारा मृतक की पहचान बनारसी यादव 30 वर्ष निवासी रट्ठू चक के रूप में की गयी। पुलिस का कहना है कि घरवालों ने बताया है कि मृतक नशे का आदी था। वह मंगलवार को कहीं गया था। जहां पर नशे की हाल में पड़े होने के बाद किसी व्यक्ति ने रात में घर पहुंचाया था। परिजनों के अनुसार बुधवार की सुबह करीब 7 बजे ही वह घर से निकल गया था। इसी बीच शाम को उसका शव खेत में पड़ा मिला। क्षेत्राधिकारी सदर का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की जानकारी हो सकेगी।

# दो अधिकारियों का वेतन काटने का डीएम का निर्देश

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



गाजीपुर में समस्त विकास खण्ड में मिशन कायाकल्प योजनान्तर्गत विद्यालयों में कराये जा रहे कार्यों की डीएम ने समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने खण्ड विकास अधिकारी रेवतीपुर और कासिमाबाद के अनुपस्थित होने पर वेतन काटने का निर्देश दिया।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने आपरेशन कायाकल्प के तहत सभी 19 कार्य बिन्दुओं से विद्यालयों को संतृप्त किए जाने का निर्देश दिये। इसमें किसी भी स्तर पर कोई शिथिलता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग की मिशन कायाकल्प योजना में जुड़े सभी अधिकारी कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ बेहतर से बेहतर रूप दें और इसके लिए अपनी पूरी तन्मयता व सक्रियता दिखाएं। निर्देश दिया कि संचालित कायाकल्प योजना में अन्य शेष सभी कार्यों को माह मार्च 2023 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराना है। इसमें किसी भी स्तर पर कोताही व शिथिलता क्षम्य नही होगी।

**कायाकल्प योजना के तहत काम कराने का निर्देश:** जिलाधिकारी ने कायाकल्प के तहत स्कूलों में टाइल्स, रैंप निर्माण, इंटरलॉकिंग, विद्युतीकरण आदि कार्यों को कराए जाने पर बल दिया। जिन-जिन विकास खण्ड में दिव्यांग शौचालय निर्माण अधूरे हैं, उन ग्राम पंचायतों में एक साथ मजदूर लगाकर कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिये। उन्होंने समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालयों में बने शौचालयों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये। गंदगी पाये जाने सम्बन्धित प्रधानाचार्य और खण्ड शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी तय होगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी , समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### कृषि विज्ञान केंद्र अंकुशपुर, गाजीपुर में एक दिवसीय किसान मेले का आयोजन

# कृषकों के सतत प्रयास से ही सुनिश्चित होती है बेहतर खाद्य सुरक्षा : अध्यक्ष

**केटी न्यूज/गाजीपुर**




गाजीपुर में आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र अंकुशपुर गाजीपुर में एक दिवसीय किसान मेले का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत श्रीअन्न पोषक खाद्यान्न एवं पर्यावरण सुरक्षा विषय के अंतर्गत लगाया गया।

इस किसान मेले की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह और डॉ. एपी राव, निदेशक प्रसार- नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के द्वारा फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया गया। इसके बाद मेले में लगाए गए स्टॉल का मुख्य अतिथि के द्वारा भ्रमण कर अवलोकन किया गया।

**जैविक खेती के स्टॉल लगाए गए:** मेले में विभिन्न प्रकार की सब्जियां, फल, फूल की नर्सरी, प्राकृतिक खेती, बकरी पालन, मुर्गी पालन, मृदा तथा आधुनिक कृषि यंत्र और जैविक खेती के स्टॉल लगाए गए थे। मेले में लगाए गए सभी स्टालों को देखकर मुख्य अतिथि द्वारा सराहना की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि कृषकों के सतत प्रयास से बेहतर खाद्य सुरक्षा एवं पोषण सुनिश्चित होती है। डॉ एपी राव द्वारा ने अपने संबोधन में कहा कि खाद्यान्न उत्पादन में वैज्ञानिकों और किसानों के सफल प्रयास से बेहतर परिणाम मिले हैं। इसके साथ ही मोटे अनाज की खेती प्राकृतिक खेती तथा जैविक खेती पर भी प्रकाश डाला। कृषि विज्ञान केंद्र अंकुशपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक ने केंद्र पर चल रही विभिन्न गतिविधियों को बताया।

**किसानों के प्रयास की सराहना:** विशिष्ट अतिथि अतिंद्र सिंह उप निदेशक कृषि गाजीपुर ने खाद्यान्न उत्पादन में अन्नदाता किसानों की सराहना की और बताया कि किसानों के सतत प्रयास के द्वारा ही पोषण की व्यवस्था सुनिश्चित होती है। उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देना का भी आह्वान किया। इस किसान मेले में लगभग 500 से अधिक कृषक उपस्थित रहे। केंद्र के अन्य वैज्ञानिक डॉ एके सिंह, डॉ शशांक सिंह डॉक्टर शशांक शेखर, श्रीमती किरन कार्यालय अधीक्षक तथा अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे। मेले में जिले के 25 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया, जिसमें सौरभ राय तिवारीपुर को डेरी में बड़े व्यवसाय के लिए सम्मानित किया गया।